हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें
Web:- www.jokhimnews.com
सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में "A" श्रेणी में सूचीबद्ध

# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 16 अंक : 344 देहरादून मंगलवार 10 मार्च 2026 मूल्य :रू 2 पृष्ठ : 8

## संतुलित बजट, विकसित उत्तराखंड की दिशा में मजबूत कदमः मुख्यमंत्री धामी

### - गरीब, युवा, किसान और महिलाओं पर फोकस, विकास और विरासत के संतुलन का रोडमैप

देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को उत्तराखंड के भविष्य का रोडमैप बताते हुए कहा कि यह केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं बल्कि राज्य के समग्र विकास की दिशा तय करने वाला बजट है। उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि लगभग 1.11 लाख करोड़ रुपये का यह बजट विकास, विरासत, संस्कृति और आधुनिकता के संतुलन को दर्शाता है और "विकसित भारत के लिए विकसित उत्तराखंड" की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य गठन के समय उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 14,500 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर लगभग 3.81 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यानी राज्य की आर्थिकी में 26 गुना से अधिक वृद्धि हुई है। इसी प्रकार प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2000-01 में 15,285 रुपये थी, जो वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर 2,73,921 रुपये होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की



तुलना में राज्य की वास्तविक विकास दर 7.23 प्रतिशत अनुमानित है, जो राष्ट्रीय औसत के आसपास है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने थ्ल्ठड अधिनियम के सभी मानकों का पालन करते हुए बेहतर वित्तीय अनुशासन बनाए रखा है। सरकार ने राजस्व अधिशेष बनाए रखा है और राजकोषीय घाटे को जीएसडीपी के 3 प्रतिशत के भीतर रखा है। उन्होंने कहा कि यह राज्य के कुशल वित्तीय प्रबंधन को दर्शाता है।बजट में कुल 1,11,703 करोड़ रुपये का व्यय प्रस्तावित है, जिसमें 64,989 करोड़ रुपये राजस्व व्यय और 18,153 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय शामिल हैं। वहीं कुल प्राप्तियां 1,10,143 करोड़ रुपये अनुमानित हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार से मिलने वाले करों में राज्य के हिस्से के रूप में लगभग 17,415 करोड़ रुपये तथा विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के तहत लगभग 18,491 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त होगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट गरीब, किसान, युवा और मातृशक्ति को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लिए 1,327 करोड़ रुपये, अन्नपूर्ति योजना के लिए 1,300 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 298 करोड़ रुपये तथा शहरी आवास योजना के लिए 56 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।युवाओं के लिए शिक्षा और खेल के क्षेत्र में 11,871 करोड़ रुपये तथा कौशल विकास कार्यक्रमों के लिए 586 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। कृषि और बागवानी क्षेत्र में 1,113 करोड़ रुपये, जबकि पशुपालन, डेयरी और मत्स्य क्षेत्र के लिए 815 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए इस वर्ष 19,692 करोड़ रुपये का जेंडर बजट रखा गया है। इसके अंतर्गत सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0, ईजा-बोई शगुन योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट और नन्दा गौरा योजना जैसी योजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा।उन्होंने बताया कि राज्य में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए लोक निर्माण विभाग के लिए 2,501 करोड़ रुपये, ऊर्जा क्षेत्र के लिए 1,609 करोड़ रुपये तथा लघु सिंचाई के लिए 1,642 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में कई नई योजनाओं की शुरुआत भी की जा रही है।

इनमें कुंभ मेला तैयारियों के लिए लगभग 1,027 करोड़ रुपये, साइबर सुरक्षा के लिए 15 करोड़ रुपये, इको-टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 18.5 करोड़ रुपये, स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन के विकास के लिए 10 करोड़ रुपये और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व उभरती

### कृषि विभाग में अनियमितताओं के प्रकरण में जांच के आदेश

देहरादून(संवाददाता)। प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने विगत दिनों दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों का गंभीरता से संज्ञान लिया है, जिनमें कृषि विभाग के अंतर्गत निर्धारित कानूनों का पालन न किए जाने तथा इससे किसानों, आमजन, पर्यावरण और जनस्वास्थ्य को खतरा उत्पन्न होने की बात कही गई है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रकाशित समाचार के अनुसार विभाग द्वारा नियमों के विरुद्ध अपात्र व्यक्तियों एवं फर्मों को पेस्ट कंट्रोल के लाइसेंस जारी करने तथा कुछ दुकानों पर प्रतिबंधित कीटनाशकों की अवैध बिक्री किए जाने के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने विभागीय सचिव को पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच करने के निर्देश दिए हैं।

## संतुलित वित्तीय प्रबंधन को दर्शाता उत्तराखंड का बजट 2026-27

देहरादून(संवाददाता)। उत्तराखंड में वित्तीय अनुशासन और विकास के संतुलन को मजबूत करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्ष 2026ख्27 का बजट प्रस्तुत किया। लगभग घ ,11,703.21 करोड़ के इस बजट में जहां विकास की गति को बढ़ाने पर जोर है, वहीं मजबूत राजकोषीय प्रबंधन की झलक भी स्पष्ट दिखाई देती है। वर्ष 2025-26 के सापेक्ष 10.41 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। राज्य सरकार ने बजट में वित्तीय जिम्मेदारी और पारदर्शिता बनाए रखते हुए थ्ल्ठड अधिनियम के प्रावधानों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया है। बजट के अनुसार राज्य में राजस्व आधिक्य (त्मअमदनम ैनतचसने) की स्थिति बनी हुई है, जो दर्शाता है कि सरकार की आय उसके राजस्व व्यय से अधिक है। यह स्थिति किसी भी राज्य की मजबूत वित्तीय सेहत का संकेत मानी जाती है। बजट में 2536. 33 करोड़ का राजस्व सरप्लस दिखाया गया है। राजकोषीय अनुशासन के तहत राज्य का राजकोषीय घाटा जीएसडीपी के 3 प्रतिशत की सीमा के भीतर रखा गया है। इसी प्रकार लोक ऋण भी जीएसडीपी के 32.50 प्रतिशत की निर्धारित सीमा के अंदर बनाए रखा गया है। यह दर्शाता है कि सरकार विकास कार्यों पर खर्च करते हुए भी ऋण प्रबंधन और वित्तीय संतुलन पर पूरा ध्यान दे रही है। राजस्व आधिक्य, सीमित राजकोषीय घाटा और नियंत्रित सार्वजनिक ऋण जैसे संकेतक बताते हैं कि राज्य सरकार ने वित्तीय प्रबंधन में सावधानी और दूरदर्शिता अपनाई है। इससे भविष्य में विकास परियोजनाओं को स्थिर वित्तीय आधार मिलने की संभावना और मजबूत होगी। कुल मिलाकर यह बजट विकास और वित्तीय अनुशासन के संतुलन का उदाहरण प्रस्तुत करता है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार...

### रक्तदान महादानः शिविर में 29 यूनिट रक्त एकत्रित

देहरादून(संवाददाता)।बालाजी फाउंडेशन और देहरादून चौरिटेबल ब्लड सेंटर की ओर से प्रेमनगर के श्यामपुर चौक स्थित दुर्गा माता मंदिर में 12वें निशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय पार्षद अनिल नौटियाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। युवाओं और महिलाओं ने उत्साह दिखाया और 29 यूनिट रक्त दान किया। पार्षद अनिल नौटियाल, डॉ. नरेश प्रसाद भट्ट और मंदिर समिति अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व कार्ड देकर सम्मानित किया। डॉ. भट्ट ने कहा कि थैलेसीमिया और कैंसर पीड़ितों के लिए समय पर रक्त उपलब्ध कराना ही असली सेवा है। कार्यक्रम में विकास गुप्ता, खुशी नेगी और ताजवीर नेगी का विशेष सहयोग रहा।

### एमडीडीए का एक्शन, मनीराम मार्ग क्षेत्र में भवन सील

देहरादून(संवाददाता)।

मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने ऋषिकेश में अवैध बहुमंजिला निर्माण पर बड़ी कार्रवाई की।टीम ने मनीराम मार्ग क्षेत्र में भवन सील कर दिया है। स्वीकृत मानचित्र के अनुरूप निर्माण नहीं हो रहा था। शिकायत के बाद टीम ने काम रोक दिया है। मसूरीख्देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया। शिकायत मिलने के बाद अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल भवन को सील कर दिया। बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्माण पर कार्रवाई की गई। सरला अग्रवाल और रेनू गोयल द्वारा मनीराम मार्ग क्षेत्र में बहुमंजिला भवन का निर्माण कराया जा रहा था।

# सम्पादकीय

## इसराइल और अमेरिका की निंदा

विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सैन्य क्षमता के देश अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने जैसे पूरी दुनिया, विशेषकर मध्य पूर्व एशिया को युद्ध की आग में झोंककर तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। इसराइल ने 28 फरवरी को अमेरिका के साथ मिलकर ईरान में मिसाइलों, बम वर्षक विमानों से एक साथ हमला कर ईरान के सुप्रीम कमांडर अली खुमेनई सहित, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री,43 लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। विगत तीन दिन से इसराइल और ईरान में घमासान मचा हुआ है। दूसरी ओर ईरान ने दुबई, कुवैत, यमन, दोहा, जद्दा, बहरीन, आबुधाबी में स्थित अमेरिका के ठिकानों पर हमला कर दियादुनियां भर में इसराइल और अमेरिका के इस कृत्य की निंदा हो रही है। यहां तक कि पाकिस्तान और भारत में भी कई शहरों लोगों ने विरोध जताया है। हालांकि भारत आधिकारिक तौर पर विश्व शांति की अपील की है।इस घटनाक्रम का विश्व बाजार पर गहरा असर पड़ेगा। कच्चे तेल की कीमतें बढ़ेगी क्योंकि पूरे विश्व का 22 फीसदी क्रूड ऑयल भंडार ईरान पर है और भारत अपनी जरूरत का तीस फीसदी तेल ईरान से खरीदता है।ईरान ने मिसाइलों से दुबई, कुवैत, यमन, दोहा, जद्दा, बहरीन आबुधाबी,के तेल संयंत्रों को बर्बाद कर दिया है। आज बाजार खुलते ही सेंसेक्स 1000 पॉइंट नीचे गिर गया।दरअसल जब से 2025 से दूसरी बार यू एस प्रेसिडेंट बने हैं डोनाल्ड ट्रंप तब उनके फैसलों में आग निकल रही है। पहले उन्होंने टैरिफ बार खेला और भारत , चाइना को इस जाल में फंसा कर अपनी बात मनवाई।इस वर्ष उन्होंने वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को पकड़कर अमेरिकी जेल में डाल दिया और वेनेजुएला पर कब्जा कर लियाईरान पर आठ माह पूर्व उसके परमाणु हथियारों के ठिकानों पर हमला किया। बस रूस ही ऐसा देश है जो अमेरिकी दबाब में नहीं आ रहा है और वह भी यूक्रेन को हड़प रहा है।कुल मिलाकर स्थिति यह है कि जिसकी लाठी उसकी भैंस।इतना नहीं नाटो देश भी अब अमेरिका के साथ है। जर्मनी, फ्रांस, इंग्लैंड ने अपनी सेना युद्ध में उतारने का मन बना लिया है।डॉनल्ड ट्रंप से पहले के यू एस प्रेसिडेंट चाहे वह बराक ओबामा रहे हो या जोए बाइडन, यहां तक कि जॉर्ज बुश,सीनियर,जूनियर, विश्व राजनीतिक दखल तो रखते हुए सौम्यता बनाए रखते थे।हालांकि 50 वर्षों में मध्य पूर्व एशिया में अमेरिका ने सऊदी अरब, कुवैत, यमन, दोहा जद्दा, बहरीन, आबुधाबी को अपने रखा कवच में रखा है और वहां पर अमेरिका के सैनिक अड्डे, हवाई जहाज है।लेकिन इसराइल को उन्होंने विशेष रूप से सृजित किया है। इसराइल के पास आज ईरान,इराक,जैसे बड़े से अधिक सैन्य क्षमता है। यह सब अमेरिका का किया धारा है।ईरान भी कट्टर मुस्लिम शिया देश है जबकि साउथ एशिया में अफगानिस्तान, पाकिस्तान, यूएई, सऊदी अरब, कुवैत यमन दोहा जद्दा बहरीन आबुधाबी,सभी सुन्नी मुस्लिम देश है।ईरान को केवल लेबनान, बेरुत से सहयोग मिलता है।इसी लिए उसने हिज्बुल्लाह,हमास, अलकायदा, तालिबान, मिलेशिया को पनपा रखा है। ईरान का इतिहास भी कम रक्त रंजित नहीं है।यहां भी 1979 से पहले राजा पहलवी की किंग डम थी लेकिन अयातुल्ला खोमानी नामक कट्टर पंथी ने इस्लामिक क्रांति कर दी और ईरान का खुला पन जाता रहा है महिलाओं पर बेहद कड़े कानून लागू हुए ।1989 में अयातुल्ला खोमानी की निधन के बाद से 37 वर्ष से अली खुमेनई का शासन है। ईरान इसराइल से निपटने के लिए परमाणु हथियारों को हासिल करना चाहता था उसने 90 फीसदी तक यूरेनियम का परिशोधन कर लिया था।लेकिन अमेरिका ने अगस्त 2025 में उनका परमाणु हथियार बनाने वाला स्थान पर बमबारी की । दरअसल सऊदी अरब कुवैत यमन दोहा जद्दा बहरीन आबुधाबी, सभी चाहते हैं कि ईरान मध्य पूर्व में मुस्लिम देशों का नेता बनना चाहता है।ईरान के पूरे विश्व का 22 फीसदी क्रूड ऑयल भंडार है जो वेनेजुएला के बाद दूसरे स्थान पर है।डॉनल्ड ट्रंप ने ईरान को दबाने की मोहिम तो अपने पहले कार्यकाल से चला रखी है लेकिन 2021 के चुनाव में वे जोए बाइडन से हार गए थे। लेकिन इस बार उन्होंने इसराइल से मिल कर ईरान पर कब्जा तो नहीं अपना उल्लू बैठाने का फैसला कर दिया था। और अमेरिका में रह रहे पहलवी बांसाज को सत्ता सौंपेगे।इसी लिए अमेरिका ने सबसे पहले अली खुमेनई को निपटाया है। सूत्र बताते हैं कि यह युद्ध अभी रुकने वाला नहीं है।लगे हाथ इजरायल ने भी गाजा पट्टी पलस्तीन खाली कराली है। पलस्तीनियों को अफ्रीकी देश में बसाने की मुहिम चल रही है।अन्य मुस्लिम देश पाकिस्तान अफगानिस्तान में उलझ गया है।

## सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना: किफायती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के लिए जनऔषधि परियोजना का रणनीतिक विकास

**जगत प्रकाश नड्डा**

**जन औषधि सस्ती भी, भरोसेमंद भी, सेहत की बात, बचत के साथ**

किसी राष्ट्र की प्रगति का असली पैमाना अक्सर इस बात से परिलक्षित होता है कि उसके नागरिक स्वास्थ्य सेवा जैसी बुनियादी आवश्यकताओं तक कितनी आसानी से पहुँच सकते हैं। दशकों तक, भारत के लाखों लोगों के स्वास्थ्य और आरोग्य के लिए दवाओं की उच्च लागत एक प्रमुख वित्तीय बाधा रही है। इस संदर्भ में, प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी), प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं को उनके ब्रांडेड समकक्षों की तुलना में काफी कम कीमत पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई पहल है। यह परियोजना सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल में एक महत्वपूर्ण कमी को दूर करके एक व्यापक और व्यवस्थित परिवर्तन लाने में सफल रही है।वैश्विक स्तर पर, जेनेरिक दवाइयाँ सुलभ स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों की मूलभूत आधारशिला हैं। विश्व भर में चिकित्सकों द्वारा दी जाने वाली कुल दवाइयों में इनकी हिस्सेदारी लगभग 80-90 प्रतिशत है और इसने आवश्यक दवाओं तक पहुँच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यद्यपि जेनेरिक दवाइयाँ पैकेज, लेबल और निष्क्रिय अवयव की दृष्टि से भिन्न हो सकती हैं, लेकिन अध्ययनों से पता चला है कि ये अंतर उनके चिकित्सीय प्रभाव पर असर नहीं डालते हैं। खुराक, सुरक्षा, क्षमता, गुणवत्ता और लक्षित उपयोग के संदर्भ में जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं की समकक्ष हैं तथा उत्पादन और गुणवत्ता के कठोर मानकों का समान रूप से पालन करती हैं। पीएमबीजेपी केवल एक खुदरा-बिक्री कार्यक्रम नहीं है; यह भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के संरचनात्मक सशक्तिकरण को दर्शाता है। यह इस साल के जनऔषधि सप्ताह के थीम में परिलक्षित होता है, जन औषधि सस्ती भी, भरोसेमंद भी, सेहत की बात, बचत के साथ, यह थीम लाखों लाभार्थियों के साथ गहराई से प्रतिध्वनित होती है। 18,000 से अधिक जनऔषधि केंद्रों के तेजी से बढ़ते नेटवर्क के माध्यम से, योजना ने सुनिश्चित किया है कि दवाइयाँ बाजार दरों की तुलना में 50 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक की कम कीमतों पर उपलब्ध हों और सभी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों को समर्थन प्रदान करती हों। क्षेत्र सर्वेक्षणों से पता चला है कि लाभार्थी लागत बचत और दवाइयों तक बेहतर पहुँच की सराहना करते हैं।योजना का पैमाना इसके उत्पाद संग्रह से भी परिलक्षित होता है। जनऔषधि 2,110 दवाओं और 315 सर्जिकल उत्पादों का विस्तृत संग्रह पेश करता है, जो 29 विभिन्न चिकित्सीय क्षेत्रों को शामिल करती है। भारतीय औषधि एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई) के प्रत्यक्ष देखरेख में, संग्रह का विस्तार एक गतिशील, डेटा-संचालित प्रक्रिया है, जिसमें बाजार विश्लेषण, हितधारकों की भागीदारी और एक समर्पित विशेषज्ञ समिति की कठोर निगरानी शामिल हैं। इससे सुनिश्चित होता है कि योजना देश की बदलती स्वास्थ्य आवश्यकताओं और औषधीय मांगों के अनुरूप विकसित होती रहे।कठोर नियामक निरीक्षण के साथ, भारतीय दवा कंपनियां 200 से अधिक देशों के लिए भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता बन गई हैं, जिसमें अमेरिका, यूके और यूरोपीय संघ जैसे अत्यधिक विनियमित बाजार भी शामिल हैं। भारतीय दवा कंपनियां लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और पूर्वी यूरोप जैसे उभरते बाजारों में भी विस्तार कर रही हैं।यह उद्योग जैविक दवाओं के समान दवाओं (बायोसिमिलर), जैविक दवाओं के जेनेरिक प्रतिरूपों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है, साथ ही जटिल जेनेरिक और विशेष दवाओं का उत्पादन करने के लिए अनुसंधान और विकास में भी अधिक निवेश कर रहा है। ये दूरदर्शी कार्यक्रम भारत को न केवल एक वैश्विक उत्पादन केंद्र के रूप में, बल्कि किफायती दवाओं के क्षेत्र में भविष्य के नवाचार अग्रणी देश के रूप में भी स्थापित करते हैं।

गुणवत्ता बनाम मूल्य पर बहस कभी-कभी सार्वजनिक धारणा को प्रभावित करती है। एक बहु-स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन व्यवस्था के माध्यम से,पीएमबीजेपी ने इस मिथक को प्रभावी ढंग से तोड़ दिया है कि किफायती होना निर्माण मानकों में समझौते का संकेत देता है। दवाइयाँ डब्ल्यूएचओ-जीएमपी प्रमाणित निर्माताओं से खरीदी जाती हैं, जो वैश्विक उत्पादन मानकों का पालन सुनिश्चित करती हैं। नियम निर्धारित करते हैं कि फार्मेसी की शेल्फ तक पहुंचने से पहले दवा के हर बैच का राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा स्वीकृत प्रयोगशालाओं में सख्त सत्यापन होना आवश्यक है। ये दवाइयाँ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के नियमों का पालन करती हैं और ब्रांडेड विकल्पों के सुरक्षा और प्रभावशीलता मानकों के अनुरूप हैं। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खरीद से पहले सावधानीपूर्वक समीक्षा की जाती है और खरीद के बाद प्रयोगशाला में परीक्षण किया जाता है। परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी, पीएमबीआई नियमित रूप से दवाओं की गुणवत्ता की निगरानी और समीक्षा करती है, ताकि स्थापित विनियमों के पालन में कोई कोताही न होना सुनिश्चित किया जा सके।

एक आईटी-संचालित वितरण नेटवर्क, जिसे पांच अत्याधुनिक भंडार गृहों और देशभर के में 41 विशेष वितरकों का समर्थन प्राप्त है, ने सुनिश्चित किया है कि आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों के खिलाफ सुदृढ़ बनी रहे।

तीन स्तंभों - पहुँच, गुणवत्ता और सस्ती कीमत - पर ध्यान केंद्रित करके, पीएमबीजेपी ने लाखों लोगों के चिकित्सा खर्च को काफी हद तक कम कर दिया है। निरंतर संस्थागत समर्थन, लोगों की बढ़ती जागरूकता और अवसंरचनात्मक सुधारों के साथ, हर जिले में जनऔषधि केंद्र का सपना अब दूर की आकांक्षा नहीं, बल्कि यह ठोस रूप ले चुका है और वास्तविकता के करीब है।

## ट्रंप के मूड की तलवार

इस दौर में अमेरिका के साथ हुए हर समझौते के टिकाऊपन पर हमेशा राष्ट्रपति ट्रंप के मूड की तलवार लटकी रहती है। फिर अमेरिका के भीतर स्थितियां अस्थिर हैं। ट्रंप के कदमों पर वहां राजनीतिक आम सहमति नहीं है।

अमेरिका ने अब भारत से सौर ऊर्जा से संबंधित पाट-पुर्जों के आयात पर 126 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। इसे भारत के फूलते-फलते सौर उद्योग पर घातक प्रहार समझा गया है। डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने ये कदम उस समय उठाया, जब अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद टैरिफ वॉर के स्वरूप को लेकर अनिश्चय है। ट्रंप ने जिस कानून के तहत दंडात्मक आयात शुल्क लगाए थे, सुप्रीम कोर्ट ने उसे अवैध ठहरा दिया। उसके बाद ट्रंप ने दूसरे कानून के तहत सभी देशों पर दस फीसदी टैरिफ लगाया। बाद में कहा गया कि वे इसे 15 फीसदी तक ले जाएंगे। अब बताया गया है कि आम टैरिफ 10 फीसदी रहेगा और ट्रंप बाकी पांच फीसदी का इस्तेमाल विभिन्न देशों के रुख के हिसाब से करेंगे।इस बीच अलग-अलग उत्पादों (मसलन स्टील) पर लगाए गए शुल्क जारी रहेंगे और नए शुल्क भी ट्रंप लगाते रहेंगे, जैसाकि अब उन्होंने सौर ऊर्जा से संबंधित पाट-पुर्जों पर लगाया है। ऐसे में भारत सहित हर देश के सामने यह प्रश्न है कि ट्रंप प्रशासन से द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने का क्या औचित्य है? किसी समझौते के तहत हुई लेनदेन से देश के अधिकांश उद्योगों और अर्थव्यवस्था के ज्यादातर क्षेत्रों को लाभ ना हो रहा हो, तो वैसा समझौता करने की ललक क्यों दिखाई जानी चाहिए? मुद्दा यह भी है कि इस दौर में अमेरिका के साथ हुए समझौते के टिकाऊपन पर हमेशा ट्रंप के मूड की तलवार लटकी रहती है।फिर अमेरिका के भीतर स्थितियां अस्थिर हैं। ट्रंप जो कर रहे हैं, उस पर वहां राजनीतिक आम सहमति नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय जाहिर हुआ है कि शासन की सभी संस्थाओं के बीच उन कदमों की वैधानिकता पर आम समझ का अभाव है। इसलिए भारत सरकार को ताजा स्थितियों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। अभी भी समय है कि वह पहले इस बारे में देश को भरोसे में ले और राजनीतिक आम सहमति तैयार करे। वरना, समझौते के प्रति उसके उत्साह पर सवाल उठते रहेंगे। उसे याद रखना चाहिए कि ट्रंप के हर मूडी एक्शन के साथ ऐसे सवाल और संगीन होते जाएंगे।

संक्षिप्त समाचार...

## रुड़की अस्पताल में शुरू हुआ एचपीवी वैक्सीन टीकारण अभियान

रुड़की(संवाददाता)। सिविल अस्पताल में सोमवार से सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन लगाने का अभियान शुरू हो गया है। इस दौरान टीकाकरण के लिए आई किशोरियों और उनके अभिभावकों को वैक्सीन के फायदे बताए गए। केंद्र सरकार की पहल पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है। अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए स्वास्थ्य विभाग ने पहले से ही जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए, ताकि अधिक से अधिक अभिभावक अपनी बेटियों का टीकाकरण करा सकें।

## महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक किया

रुड़की(संवाददाता)। चमन लाल महाविद्यालय में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम आईक्यूएसी और सांस्कृतिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। मौके पर महिलाओं को उनके अधिकारों और कानूनों की जानकारी भी दी गई। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की टीम ने महिला दिवस पर महिलाओं के उत्थान आदि पर अपने विचार पेश किए। सामुदायिक केंद्र से आए कृष्ण नागायन ने किशोर स्वास्थ्य को लेकर पोषण में सुधार, प्रजनन एवं यौन स्वास्थ्य में सुधार की जानकारी दी। किशोर अवस्था के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता व्यक्त की। लिंग आधारित एवं शारीरिक हिंसा तथा गैर संचारी रोगों का भी जिक्र किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकुमार शर्मा ने सभी महिला शिक्षिकाओं को कार्यक्रम के सफल आयोजन की अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुशील उपाध्याय ने शिक्षिकाओं के लिए भारत सरकार द्वारा चलाए गए महिला अधिकारों का जिक्र किया। नारी सशक्तीकरण के विषय पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. दीपा अग्रवाल एवं डॉ. श्वेता, प्रभारी सांस्कृतिक समिति ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सरसों की कटाई में जुटे जनपद के किसान

रुड़की(संवाददाता)। पिछले कई दिनों से आसमान में बादल मंडराने के कारण किसानों ने सरसों की फसल की कटाई शुरू कर दी है। किसानों का कहना है कि यदि बारिश हो गई तो खेतों में खड़ी फसल गिरकर खराब हो सकती है। लक्सर तहसील क्षेत्र में कई किसानों ने पक चुकी सरसों की कटाई शुरू कर दी है, जबकि कुछ किसानों की फसल एक सप्ताह में तैयार हो जाएगी। किसानों का कहना है कि फसल पकते ही कटाई का कार्य शुरू किया जाएगा। कृषि वैज्ञानिक केंद्र धनौरी के प्रभारी पुरुषोत्तम कुमार ने भी किसानों को मौसम को देखते हुए जल्द से जल्द सरसों की कटाई कर सुरक्षित रखने की सलाह दी है।

## रुड़की अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या, ओपीडी 600 के पार

रुड़की(संवाददाता)। अचानक गर्मी बढ़ने से सिविल अस्पताल में सीजनल बीमारियों और वायरल संक्रमण से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ गई है। डॉक्टरों के अनुसार लोगों को सर्दी, जुकाम, बुखार और वायरल संक्रमण की शिकायत अधिक हो रही है। सोमवार को अस्पताल की ओपीडीष् में छह सौ अधिक मरीज पहुंचे। सिविल अस्पताल के ओपीडी काउंटर में सोमवार को सुबह से ही मरीजों की लंबी कतार लग गई थी। पर्चा बनवाने के बाद मरीजों को चिकित्सक की ओपीडी के बाहर लाइन लगाकर खड़ा होना पड़ा। मरीजों की संख्या अधिक होने से उन्हें काफी लंबा इंतजार भी करना पड़ा। सबसे ज्यादा मरीज वायरल से संबंधित थे।

## युवक को तमंचा दिखाकर दी जान से मारने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

रुड़की(संवाददाता)। अंबेडकर चौक पर पैसे के विवाद को लेकर एक युवक के साथ मारपीट और सरेराह तमंचा दिखाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से अवैध देशी तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मंगलौर कोतवाली पुलिस ने बताया कि लंढौरा के वार्ड नंबर नौ निवासी जुनैद का अपने पड़ोसी समीर के साथ काफी समय से पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार दोपहर समीर का दोस्त अयान अंबेडकर चौक पर पहुंचा। आरोप है कि अयान ने समीर का पक्ष लेकर जुनैद के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

# प्रदेश के 13 जनपदों में 13 मार्च तक होंगे 'महिला जनसुनवाई' कार्यक्रम

**- 'महिला आयोग आपके द्वार' के तहत आयोजित हो रहे है आयोजन**

देहरादून(संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने मीडिया सेंटर, सचिवालय, देहरादून में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि राज्य सरकार और महिला आयोग महिलाओं के अधिकारों की रक्षा तथा उन्हें न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।



आयोग द्वारा सोशल मीडिया पर महिलाओं से संबंधित घटनाओं और समस्याओं का स्वतः संज्ञान लेते हुए तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में सामने आए अधिकांश मामलों में संबंधित पक्ष एक-दूसरे के परिचित रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अभिभावकों के लिए बच्चों की गतिविधियों की निगरानी करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की घटना या समस्या की जानकारी निशुल्क दूरभाष नंबर 112 पर दें। साथ ही गौरा शक्ति ऐप डाउनलोड करने तथा आयोग के दूरभाष नंबर पर संपर्क करने की भी सलाह दी। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग द्वारा पारिवारिक विवादों के समाधान और महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी 13 जनपदों में 13 मार्च, 2026 तक 'महिला जनसुनवाई' कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रमों के तहत सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय सभागार, देहरादून में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 25 मामले दर्ज किए गए, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया गया तथा शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया। इस अवसर पर महिला आयोग की सदस्य विमला नैथानी भी उपस्थित रहीं।

## मातृशक्ति की बेहतरी को संजीदा दिखी सरकार

देहरादून(संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के एक दिन बाद और बजट सत्र के पहले ही दिन राज्य सरकार ने मातृ शक्ति को भरोसा दिला दिया की उनकी बेहतरी के लिए वह संजीदा है। महिला समानता के लिहाज से महत्वपूर्ण जेंडर बजट का आकार बढ़ाने की बात हो या फिर विभिन्न ऐसी योजनाएं, जो महिलाओं से सीधे जुड़ी हैं, उनके लिए बजट का प्रावधान किया गया है। राज्य सरकार ने पिछले वर्ष सोलह हजार नौ सौ इकसठ करोड़ बत्तीस लाख रूपये का जेंडर बजट प्रस्तुत किया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बजट पेश करते हुए बताया है कि इस बार जेंडर बजटिंग में उन्नीस हजार छह सौ बयानवे करोड़ दो लाख के बजट का प्रावधान किया जा रहा है। यानी यह साफ है कि महिलाओं के कल्याण से किए जा रहे प्रयास इस बजट के बाद और तेजी पकड़ेंगे। राज्य सरकार ने प्रसूता को सीधे एड्रेस करने वाली ईजा-बोई शगुन योजना हो या बेटियों को सुरक्षा देने वाला निर्भया फंड, सभी के लिए बजट प्रावधान कर यह भरोसा दिलाया है कि नारी शक्ति का हित उसकी प्राथमिकता में है। मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजना, वात्सल्य योजना, मुख्यमंत्री महिला पोषण योजना, निराश्रित विधवाओं की पुत्रियों के विवाह हेतु अनुदान से जुड़ी जैसी योजनाओं की एक लंबी फेहरिस्त है, जिसमें बजट का प्रावधान कर सरकार ने महिलाओं की बेहतरी के लिए अपने संजीदा प्रयासों की झलक पेश की है।

## उत्तराखण्ड शासन ने पश्चिम एशिया में रह रहे प्रवासी नागरिकों की सुरक्षित वापसी हेतु अभियान शुरू किया

देहरादून(संवाददाता)। भारत सरकार द्वारा प्रवासी भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जो पश्चिम एशिया के विभिन्न देशों में निवास कर रहे हैं और भारत लौटना चाहते हैं। इस संबंध में सचिव उत्तराखण्ड शासन, राजेन्द्र कुमार द्वारा समस्त जिलाधिकारियों को जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान में ईरान एवं इजराइल के मध्य संघर्ष के दृष्टिगत पश्चिम एशिया के देशों में उत्पन्न वर्तमान परिस्थितियों, विशेषकर ईरान एवं इजरायल के मध्य चल रहे संघर्ष को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के सभी प्रवासी नागरिकों का विवरण एकत्र करने की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है।

## 'गंगा घाटों की मरम्मत कर उचित व्यवस्थाएं बनाए'

ऋषिकेश(संवाददाता)। आगामी कुंभ मेला 2027 को देखते हुए शासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को अपर मेलाधिकारी दयानन्द सरस्वती ने अधिकारियों संग गंगा घाटों का निरीक्षण कर गंगा घाटों की मरम्मत, साफ सफाई और बेहतर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। अपर मेलाधिकारी दयानन्द सरस्वती ने स्वर्गाश्रम क्षेत्र के वेद निकेतन घाट, गंगा दर्शन घाट, लक्ष्मी नारायण घाट, साधु समाज घाट, वानप्रस्थ घाट, बॉम्बे घाट, किरमोला घाट सहित कुल 16 घाटों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने घाटों की मरम्मत एवं सुधार के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा घाटों की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

## तीन ग्रोथ डाइवर्स करेंगे तीन बड़े लक्ष्यों की पूर्ति

**- आत्मनिर्भरता की यात्रा में सरकार को कृषि, उद्योग व पर्यटन से सर्वाधिक आस**

देहरादून(संवाददाता)। आत्मनिर्भर उत्तराखंड की जिस यात्रा पर राज्य सरकार आगे बढ़ रही है, उसमें तीन क्षेत्रों से उसे सर्वाधिक आस है। यह क्षेत्र हैं-कृषि, उद्योग और पर्यटन। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन तीन क्षेत्रों को आत्मनिर्भरता की यात्रा के श्डाइवर्सश् की संज्ञा दे दी है। मुख्यमंत्री ने बजट में इसी अनुरूप इन क्षेत्रों का विशेष ध्यान रखा है। सरकार की मंशा ये ही है कि इन तीनों क्षेत्रों को एक साथ आगे बढ़ाते हुए ऐसा परिवेश बनाए, जो एक साथ तीन उद्देश्यों की पूर्ति कर सके। ये उद्देश्य हैं-उत्पादकता बढ़े, निवेश आकर्षित हो और सम्मानजनक आजीविका के अवसर मिले।तीन क्षेत्रों को बजट की डोज01-कृषि व संबंधित क्षेत्रउद्यान बीमा योजना-40 करोड़मुख्यमंत्री राज्य कृषि विकास योजना-20 करोड़कीवि, ड्रेटेन फ्रूट प्रोत्साहन-30 .70 करोड़मिशन एप्पल-42 करोड फसलों की सुरक्षा, घेर बाड़-20 करोड़चाय विकास योजना-25 .93 करोड़सगंध पौधा विकास व अन्य-24 .75 लाख महक क्रांति हेतु-10 करोड़02-उद्योगसूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यमों को सहायता योजना-75 करोड़ मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना-60 करोड़ मेगा इंडस्ट्रियल एवं मेगा टेक्सटाइल नीति अनुदान-25 करोड़ प्रमोशन ऑफ इंवेस्टमेंट, स्टार्टअप, एंटरप्रीनियोरशिप-30 करोड़स्टार्ट अप वेंचर फंड-25 करोड़03-पर्यटनपर्यटन विभाग के अंतर्गत राजस्व मद में बजट-210 .59 करोड़पर्यटन विभाग के अंतर्गत पूंजीगत मद में बजट-296 .45 करोड़वैश्विक पर्यटक स्थलों का विकास-दस करोड़इको टूरिज्म गतिविधियों के लिए-18 .50 करोड़ योग दिवस आयोजन-दो करोड़

# समाज में नारी की भूमिका पर मंथन, कई महिलाएं सम्मानित

ऋषिकेश(संवाददाता)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ऋषिकेश केंद्र में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम हुआ। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी महिलाओं को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने समाज में नारी की महत्ता के बारे में भी बताया। सोमवार को ऋषिकेश स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के गीतानगर केन्द्र में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में "नारी शक्ति-परिवारों की सूत्रधार व आधार" विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा कुसुम कंडवाल, मुनिकीरेती पालिकाध्यक्ष नीलम बिजल्वाण, राजकीय चिकित्सालय ऋषिकेश की अपर निदेशक डा. सावित्री उनियाल, अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी नीरजा गोयल, साहित्यकार रचना कुंदनानी, योगेंद्रा पब्लिक स्कूल की निदेशक मीता चटर्जी, कवयित्री अरूणा वशिष्ठ, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. रितु प्रसाद, उमादत्त, प्रधानाचार्या अनीता, भजन गायिका अंजली थापा, ब्रह्माकुमारी विवि केंद्र की बीके निर्मला व बीके आरती ने संयुक्त रूप से किया।कुसुम कंडवाल ने कहा कि आज के समय में महिलाओं की असुरक्षा के प्रमुख कारणों में मोबाइल फोन का दुरुपयोग भी शामिल है। उन्होंने सुझाव दिया कि आठवीं कक्षा से पहले बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखना चाहिए। पालिकाध्यक्ष नीलम बिजल्वाण ने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनो के तेज, त्याग, स्नेह, समर्पण, सौहार्द एवं उनके गुणो से हमे प्रेरणा देते है कि हमारा जीवन व आचरण ऐसा हो, तभी प्रदेश व देश आत्म निर्भर हो नये युग की स्थापना होगी। डा. सावित्री उनियाल ने महिलाओं को विवेकपूर्ण निर्णय लेने स्वयं को स्वस्थ रखने का संदेश दिया। भजन गायिका अंजलि थापा ने भजन प्रस्तुत कर उपस्थित महिलाओं को आध्यात्मिक संदेश दिया। कवियत्री अरुणा वशिष्ठ ने कविता के माध्यम से महिलाओं को आत्मविश्वास और सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बीके आरती ने कहा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की प्रमुख शक्ति है। इस दौरान सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया।

## रानीपोखरी के जनप्रतिनिधियों का तहसील में प्रदर्शन

ऋषिकेश(संवाददाता)। रानीपोखरी के लिस्ट्राबाद में प्रस्तावित विधि विश्वविद्यालय की भूमि अन्यत्र स्थानान्तरित किए जाने से क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त है। सोमवार को रानीपोखरी न्याय पंचायत प्रधान संगठन ने ऋषिकेश तहसील में पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री से उक्त भूमि पर शीघ्र लॉ विश्वविद्यालय बनाने की मांग की। उन्होंने एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। रानीपोखरी न्याय पंचायत प्रधान संगठन के अध्यक्ष अनूप सिंह चौहान ने कहा कि 20 मार्च 2019 को तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा रानीपोखरी के लिस्ट्राबाद भट्टनगरी में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया गया था। लेकिन सात वर्ष बीत जाने के बावजूद यहां निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। जिसके लिए क्षेत्र की जनता बीती 17 फरवरी से धरना दे रही है। कहा कि सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की भूमि सौंग विस्थापितों को दी जा रही है। जिसके विरोध में जनता आंदोलित है और स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही है। कहा कि अगर जल्द ही यहां विधि विवि का कार्य शुरू नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी भूख हड़ताल या आमरण अनशन करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में ब्लॉक प्रमुख गौरव सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल, कौड़सी प्रधान पूनम, सारन्धरवाला प्रधान आनंद सिंह, बड़कोट प्रधान दीक्षा, रैनापुर ग्रांट प्रधान अनूप सिंह चौहान, क्षेत्र पंचायत सदस्य अरुण रावत, रखवाल गांव के प्रधान दीपक सिंह रावत आदि उपस्थित रहे।

### दीर्घकाल तक टिकाऊ होंगी वार्डों में बनने वाली सड़कें : मेयर

कोटद्वार(संवाददाता)। नगर निगम के विभिन्न वार्डों में सड़कों के विकास, नालों व पुलियों की हालत में सुधार, स्ट्रीट लाइट की सुदृढ़ व्यवस्था के लिए मेयर ने वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्षदों को जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्यों को सूचीबद्ध करने के लिए कहा। सोमवार को निरीक्षण के दौरान मेयर शैलेंद्र सिंह रावत ने कहा कि नगर निगम प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि बनने वाली सड़कों को उच्च गुणवत्ता के साथ दीर्घकाल तक टिकाऊ रूप दिया जाए। कहा क्षेत्र में करीब 50 किलोमीटर सड़कों के निर्माण के कार्य प्रस्तावित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही नगर क्षेत्र की दूषित पानी की निकासी के लिए भी सार्थक कदम उठाए जाएंगे। इसी के तहत स्टेशन रोड, गोविंद नगर, काशीरामपुर मल्ला एवं कौड़िया वार्ड में प्रस्तावित सड़कों का स्थलीय निरीक्षण किया गया है। क्षेत्रवासियों ने मेयर के समक्ष खाली प्लॉट में कूड़ा डाले जाने, गंदे पानी की निकासी अवरुद्ध होने, क्षेत्र में कई जगह पथप्रकाश व्यवस्था निष्प्रभावी होने की

### खुले में फेंका जा रहा बायोमेडिकल कचरा, संक्रमण का खतरा

कोटद्वार(संवाददाता)। भाबर क्षेत्र के किशनपुर मुख्य बाजार में कुछ निजी क्लीनिक सुई, सिरिंज, खून से सनी पट्टियां और दवाइयों के अवशेष जैसे बायोमेडिकल कचरे को खुले में कूड़े के ढेर पर फेंके जाने से निराश्रित मवेशियों और लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। इस पर विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों और पशु प्रेमियों ने कोटद्वार नगर निगम से जिम्मेदार लोगों को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह रावत, आकृति गौ सेवा सदन की अध्यक्ष सुषमा जखमोला और श्री सिद्धबली मंदिर समिति गूलरझाला के अध्यक्ष गौरव कुकरेती ने बताया कि संक्रमित सामग्री खुले में फेंके जाने से न केवल गंदगी फैल रही है बल्कि खतरनाक बीमारियों के फैलने का भी खतरा बढ़ गया है।

## एनआईटी स्थायी परिसर का निर्माण कार्य ठप, प्रशासन के साथ वार्ता विफल

श्रीनगर गढ़वाल(संवाददाता)। सुमाड़ी गांव में बन रहे राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान उत्तराखंड (एनआईटी) के स्थायी परिसर का निर्माण कार्य सोमवार को नौवें दिन भी ठप रहा। इस दौरान धरने पर बैठे ग्रामीणों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होगी तब तक धरना जारी रहेगा। साथ ही तहसीलदार ने ग्रामीणों से आंदोलन वापस लेने के लिए वार्ता की लेकिन वार्ता विफल रही। स्थायी परिसर निर्माण स्थल पर धरना प्रदर्शन के दौरान डॉ. सुधीर जोशी ने कहा कि प्रशासन की ओर से वार्ता की जा रही है लेकिन कंपनी के अधिकारी उनसे वार्ता करने को तैयार नहीं हैं। कहा जब तक कंपनी के मालिक उनसे वार्ता नहीं करेंगे तब तक आंदोलन वापस नहीं लिया जाएगा। निर्माणदायी कंपनी की ओर से कई अनियमितताएं की जा रही हैं। इसी के साथ ग्रामीण एसटीपी प्लांट लगाने, सड़क मार्ग की सफाई कराने व अवैध रूप से डंप किए जा रहे मलबे को साफ कराने व स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के तौर पर रोजगार उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनआईटी के लिए ग्रामीणों ने अपनी भूमि निशुल्क दी लेकिन अब स्थानीय लोगों की अनदेखी की जा रही है। तहसीलदार दीपक भंडारी ने लोगों से आंदोलन वापस लेने को लेकर वार्ता की लेकिन वार्ता सफल नहीं रही। मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य सुरजीत सिंह बिष्ट, प्रधान अभिनय धनाई, अंजु, मनीष रावत, जितेंद्र धनाई, सुनीता देवी, सीता देवी, जगमोहन सिंह तड़ियाल आदि मौजूद रहे।

## चारधाम रूट पर 39 ब्लैक स्पॉट चिह्नित

ऋषिकेश(संवाददाता)। चारधाम रूट पर संयुक्त सर्वे में 39 ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना संभावित क्षेत्र में मिले हैं। इन सड़कों से गुजरने के दौरान न सिर्फ तीर्थयात्रियों को खतरा है, बल्कि रोजाना सफर करने वाले आम लोगों की जान को भी कम जोखिम नहीं है। सर्वे रिपोर्ट में हादसों की रोकथाम के लिए चिन्हित स्थानों पर सुधार के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए हैं। संभागीय परिवहन विभाग, पीडब्ल्यूडी, ट्रैफिक पुलिस और एनएचएआई के अधिकारियों ने 20 से 28 फरवरी के बीच सर्वे किया। जिसमें उन्होंने रायवाला और भानियावाला में नेशनल हाईवे का निरीक्षण किया। रानीपोखरी-ऋषिकेश मार्ग का भी जायजा लिया गया। जिसमें सर्वाधिक ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना संभावित क्षेत्र में छिद्दरवाला से लेकर भानियावाला तक मिले हैं। जबकि, भानियावाला से आगे रानीपोखरी होते हुए ऋषिकेश पहुंच रही सड़क पर भी इस तरह के दुर्घटना संभावित क्षेत्र कम नहीं हैं। रिपोर्ट में अनावश्यक कट बंद करने, कम दृष्यता, तीव्र मोड, साइन बोर्ड, स्पीड लिमिट, दुर्घटना संभावित क्षेत्र के चेतावनी बोर्ड समेत सुरक्षा कार्यों के लिए अहम सुझाव दिए गए हैं।

## मुनिकीरेती में रंग-बिरंगी पतंगों से ढका आसमान

ऋषिकेश(संवाददाता)। टिहरी झील महोत्सव के तहत सोमवार को काइट (पतंग) फेस्टिवल का शुभारंभ टिहरी डीएम नितिका खंडेलवाल ने किया। उन्होंने महोत्सव में पतंग उड़ाते हुए स्थानीय लोगों और स्कूली बच्चों को भी पतंगों का वितरण किया। आसमान में रंग-बिरंगी पतंगों को उड़ाने के साथ ही बच्चों में महोत्सव को लेकर खासा उत्साह भी दिखा। मुनिकीरेती स्थित खारास्रोत में काइट फेस्टिवल में डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर टिहरी झील महोत्सव में जिले के सभी हिस्सों को जोड़ा गया है। पुरानी टिहरी शहर की यादों को समाहित करते हुए देव डोलियों का संगम कराने का प्रयास भी किया है। जनपद में महत्वपूर्ण ट्रैक रूटों के उपयोग और राज्य की संस्कृति को संरक्षित करने का प्रयास इस महोत्सव के माध्यम से किया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष नीलम बिजल्वाण ने टिहरी झील महोत्सव में मुनिकीरेती क्षेत्र को भी जोड़ने की सराहना की। कहा कि इससे संस्कृति एवं पर्यटन का बढ़ावा मिलेगा। नगर पंचायत तपोवन अध्यक्ष विनीता बिष्ट ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का समय-समय पर आयोजन जरूरी है। इससे हमारी आने वाली पीढ़ी को संस्कृति का ज्ञान होगा। पतंग महोत्सव में प्राथमिक और जूनियर हाईस्कूल ढालवाला के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। वहीं, डीएम ने महोत्सव में राफ्टिंग प्रतियोगिता की विजेता टीमों को सम्मानित किया।

## सशक्त नारी ही मजबूत समाज की नींव: दीप्ति

ऋषिकेश(संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिला सशक्तिकरण के साथ उत्तराखंड की समृद्ध लोकसंस्कृति, पारंपरिक खानपान और सामाजिक सहभागिता का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा। मांगलिक गीतों और गढ़वाली लोकगीतों ने पूरे सभागार को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम स्थल पर उत्तराखंड के पारंपरिक मोटे अनाजों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मंडवे के आटे, झंगोरा, पारंपरिक दालों एवं स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। मुख्य अतिथि भाजपा उत्तराखंड प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत ने कहा कि सशक्त नारी ही मजबूत समाज की नींव होती है। आज महिलाएं राजनीति, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्यमिता और सामाजिक सेवा सहित हर क्षेत्र में अपनी नेतृत्व क्षमता से नई पहचान गढ़ रही हैं। ऐसे आयोजन महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। मुख्य वक्ता प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा रुचि भट्ट ने कहा कि महिला दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकार, सम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। जिलाध्यक्ष राजेंद्र तड़ियाल ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना किसी भी समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली नीरजा गोयल, अंशिका, वंदना स्वामी, डॉ. सृष्टि, रेखा बिंजोला और सविता लखेड़ा को सम्मानित किया गया।

### सीवरेज कार्यों के दौरान खोदी सड़कें शीर्घ बनाएं: प्रेमचंद

ऋषिकेश(संवाददाता)।पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने सीवरेज लाइन बिछाने के दौरान सड़कें खोदकर छोड़ दिए जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में कार्य करने और खोदी गई सड़कों को शीघ्र दुरुस्त कर क्षेत्रवासियों को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। सोमवार को ऋषिकेश विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने कोयल घाटी स्थित अपने आवास पर गंगा अनुरक्षण इकाई हरिद्वार की परियोजना निदेशक मीनाक्षी मित्तल संग बैठक की। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के हरिपुर गली नंबर 3 और भगत सिंह कॉलोनी में सीवरेज लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क के कारण स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। कहा कि विकास कार्यों के दौरान आमजन को अनावश्यक असुविधा नहीं होनी चाहिए और कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाना जरूरी है। कहा कि सीवरेज लाइन से संबंधित कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए, साथ ही खोदी गई सड़कों को शीघ्र दुरुस्त कर क्षेत्रवासियों को राहत प्रदान की जाए।

# विधायक कैड़ा ने मुख्यमंत्री से की भीमताल विधानसभा की समस्याओं का समाधान करने की माग



भीमताल (संवाददाता)। विधायक राम सिंह कैड़ा ने गैरशैण विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल की समस्याओं से अवगत कराया विधायक ने कहा के स्वास्थ्य सुविधा का अभाव है जिस कारण क्षेत के लोगो को इलाज कराने हल्द्वानी या नैनीताल जाना पड़ता है विधायक कैड़ा ने मुख्यमंत्री से भीमताल विधनसभा क्षेत्र मै नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने, काठगोदाम से हैड़ाखान मोटर मार्ग के किमी 3 पर क्षतिग्रस्त मोटर मार्ग का पुनरनिर्माण करने, भीमताल बाईपास नहर कवरिंग करने , भीमताल नगर मै पार्किंग का निर्माण करने, भीमताल के दूरस्थ क्षेत्रों में पजप कॉलेज खोलने, शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति करने, राजकीय उच्चतर माध्यम विद्यालयों का इंटर कॉलेज मै उच्चीकरण करने, भीमताल विधानसभा मै गौ रक्षा हेतु गौशाला खोलने ! भीमताल में स्थानीय जनता को मकान बनाने में प्राधिकरण के नियमों में छूट देने!अस्पतालो के उच्चीकरण व डाक्टरो की नियुक्ति करने, किसानो के हित को जगह जगह कोल्ड स्टोर खोलने,भीमताल विधानसभा क्षेत्र के मोटर मार्गो पर डामरीकरण करने, नए मोटर मार्गो के निर्माण करने,भीमताल क्षेत्र मैं नए लगे बीएसएनएल टावरो पर संचार व्यवस्था दुरस्त करने आदि मूल भूत समस्याओं का समाधान करने की माग की।

## आबकारी विभाग द्वारा दुकान में दबिश दी

हल्द्वानी (संवाददाता)। आयुक्त कुमाऊं मंडल एवं जिलाधिकारी नैनीताल के निर्देशों के अनुपालन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही करते हुए फूलचौड़ के निकट स्थित एक दुकान में दबिश दी गई।दबिश के दौरान अभियुक्त लोकेश कुमार टीम को देखकर दुकान की छत पर छिप गया। टीम द्वारा तत्परता से खोजबीन करते हुए दुकान की छत पर पहुंचकर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 118 टेट्रा पैक माल्टा देसी शराब तथा 23 पव्वा मैकडॉवेल व्हिस्की और आरएस ब्रांड के बरामद किए गए।उक्त मामले में अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।दबिश टीम में आबकारी निरीक्षण धीरेंद्र सिंह,उप आबकारी निरीक्षक कैलाशचंद जोशी वमहेश चंद्र लोहनी आदि शामिल रहे।



## वरिष्ठ पत्रकार राहुल सिंह दरम्वाल ने आज तक टीवी को कहा अलविदा, राजनीति में आने की अटकलें तेज

रामनगर (संवाददाता)। वरिष्ठ पत्रकार राहुल सिंह दरम्वाल ने नेशनल मीडिया में अपनी लंबी पारी के बाद पत्रकारिता को अलविदा कह दिया है। दरम्वाल लंबे समय से आज तक और इंडिया टुडे ग्रुप से जुड़े रहे थे और अपनी निर्भीक तथा जनहित की पत्रकारिता के लिए पहचाने जाते रहे हैं।पत्रकारिता से अलग होने के बाद उन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहने का फैसला लिया है। उनके इस निर्णय के बाद राजनीतिक गलियारों में भी हलचल तेज हो गई है। दरम्वाल की साफ-सुथरी छवि और समाज के प्रति संवेदनशील लेखनी के कारण विभिन्न राजनीतिक दलों के कई वरिष्ठ नेताओं से उनके अच्छे संबंध बताए जाते हैं।जानकारों का मानना है कि पत्रकारिता के दौरान प्रशासन, पुलिस और व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के कारण उन्होंने कुमाऊं क्षेत्र और पूरे प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है। यही कारण है कि युवाओं और सामाजिक संगठनों में भी उनका व्यापक समर्थन देखा जाता है।फिलहाल राहुल सिंह दरम्वाल ने किसी राजनीतिक दल में शामिल होने को लेकर कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया है, लेकिन उनके करीबी मानते हैं कि वह 2027 से पहले किसी बड़े राजनीतिक दल के साथ जुड़ सकते हैं और 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बना सकते हैं। सूत्रों के अनुसार दरम्वाल के संपर्क भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के कई वरिष्ठ नेताओं से बताए जाते हैं।राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि नैनीताल जनपद की कई विधानसभा सीटों जैसे रामनगर, भीमताल, कालाढूंगी और हल्द्वानी में उनकी अच्छी पकड़ और जनसंपर्क है।



## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पर्वतीय क्षेत्र खुटियाखाल में एक दिवसीय सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन

लालकुआं (संवाददाता)। नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पर्वतीय क्षेत्र खुटियाखाल में एक दिवसीय सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पूर्व विधायक भीमताल दान सिंह भंडारी के मुख्य आतिथ्य एवं दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान दुग्ध उत्पादन में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला दुग्ध उत्पादकों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस को धूमधाम से मनाया गया। महिला दुग्ध उत्पादकों ने कुमाऊनी लोकगीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम को उत्सवमय बना दिया, जिससे पूरे आयोजन में पर्वतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली।इस अवसर पर वर्ष 2024 से 2026 तक की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई, जिसमें समिति की वित्तीय स्थिति, दुग्ध खरीद, लाभांश और व्यय का विस्तृत विवरण सदस्यों के सामने रखा गया। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024-25 में लगभग 29 लाख 93 हजार 885 रुपये की दुग्ध खरीद हुई, जिसमें करीब 8. 48 प्रतिशत लाभ दर्ज किया गया। इसी प्रकार लगभग 30 लाख 20 हजार 123 रुपये की दुग्ध खरीद पर 9.72 प्रतिशत लाभ प्राप्त हुआ। वहीं लगभग 2 लाख 52 हजार रुपये से अधिक की दुग्ध खरीद पर करीब 8.5 प्रतिशत लाभ दर्ज किया गया। समिति की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष भर में कुल लगभग 91 हजार लीटर से अधिक दुग्ध की खरीद की गई। समिति द्वारा औसत दुग्ध खरीद दर लगभग 33. 19 रुपये प्रति लीटर रही, जबकि नमूना बिक्री दर 60 रुपये प्रति लीटर निर्धारित है। बैठक में दुग्ध उत्पादकों को उनके योगदान के आधार पर बोनस राशि भी वितरित की गई। इस दौरान प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दुग्ध उत्पादकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।



# ऊर्जा निगम ने बिजली के झटके देना भी शुरू कर दिया

हल्द्वानी (संवाददाता)। गर्मी की शुरुआत होने के साथ ही ऊर्जा निगम ने बिजली के झटके देना भी शुरू कर दिया है। आइटीआइ परिसर डहरिया में बने नए बिजली घर से लाइनें बिछाने का काम करने को शटडाउन लिए जा रहे हैं।रविवार को सुबह नौ शाम पांच बजे तक टीपी नगर और कमलुवागांजा बिजली घर से जुड़े इलाकों में सप्लाई ठप रही। करीब आठ घंटे तक आपूर्ति प्रभावित होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। 16 मार्च तक ग्रामीण डिविजन से अलग-अलग क्षेत्रों में समस्या बनी रहेगी।विद्युत वितरण खंड हल्द्वानी ग्रामीण के अधिशासी अभियंता एसके गुप्ता ने बताया की आइटीआइ परिसर डहरिया में नया बिजली घर बनाया गया है। उपभोक्ताओं की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए नया बिजली घर बनाया गया है। इससे जुड़ने वाले डहरिया सहित अन्य इलाकों में बिजली की नई लाइनें बिछाई जानी है।साथ ही लालकुआं में खुली तारों को बदल कर आल एल्युमिनियम अलाय कंडक्टर (एएएसी) केबल डालने का काम भी शुरू किया गया है। टीपी नगर और कमलुवागांजा बिजली घर से जुड़े क्षेत्रों में रविवार से शटडाउन लेना शुरू कर दिया गया है।जो 15 मार्च तक जारी रहेगा। जबकि, लालकुआं बिजली घर से जुड़े इलाकों में आज से शटडाउन लिया जाएगा। यहां 16 मार्च तक शटडाउन होगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## समाजसेवी अब्दुल हकीम खान के निधन पर विभिन्न संगठनों ने शोक व्यक्त किया

रामनगर (संवाददाता)। रामनगर के मोहल्ला गुलरघट्टी निवासी समाजसेवी अब्दुल हकीम खान के आकस्मिक निधन पर विभिन्न संगठनों के लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत की मगफिरत के लिये दुआ की है। इस दौरान शोक पर शोक व्यक्त करने वालो में विधायक दीवान सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत, पालिकाध्यक्ष हाजी अकरम, ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी, भाजपा नेता इंदर रावत, रेखा रावत, पूँछड़ी ग्राम प्रधान हज्जन नरगिस, प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अंसारी, भगीरथ लाल चौधरी, पुष्कर दुर्गापाल, भुवन पाण्डे, शिशुपाल सिंह रावत, भाजपा गणेश रावत, एडवोकेट फैजुल हक, भुवन शर्मा, देशबंधु रावत, भूपेंद्र सिंह खाती, सुमित लोहनी, किशन सिंह, मनोज पांडे, अमिता लोहनी, भुवन डंगवाल, मोहम्मद मुजाहिद, अभिमन्यु डंगवाल, प्रभात ध्यानी, शमीम अहमद, तनुज दुर्गापाल, सलमान सलमानी, राजा सलमानी, सोनू करीम, मो अजमल, नदीम अंसारी, अजीज खान, सैयद अली नकवी, चांद खान, विपिन कांडपाल, नदीम अख्तर, ताईफ खान, आदिल खान, गाजी खान, मारूफ अमन खान, कैफ खान आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया है।



हिन्दी दैनिक जोखिम

# कॉमरेड मान सिंह पाल के ग्यारहवें स्मृति दिवस पर याद करते हुए कार्यक्रम

भाकपा(माले) कार्यालय कार रोड में आज 9 मार्च को हुए भाकपा माले के अग्रणी नेता रहे कामरेड मान सिंह पाल को ग्यारहवें स्मृति दिवस पर याद करते हुए जनसंघर्षों पर चलने का आह्वान किया गया। कॉमरेड मान सिंह पाल को एक मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। भाकपा माले नैनीताल जिला सचिव डॉ कैलाश पाण्डेय ने कहा कि, कामरेड मान सिंह पाल बिन्दुखत्ता में पार्टी व जनसंघर्षों का आधार रखने वाले नेताओं में से थे। भाकपा(माले) के मार्गदर्शन में कामरेड मान सिंह पाल व अन्य साथियों ने बिन्दुखत्ता में जमीन आबाद करने, राशन कार्ड बनाने, सड़क-स्कूल-अस्पताल स्थापित करने, दूध आंदोलन, सेंचुरी में रोजगार की मांगों पर चल रहे आंदोलनों में मुख्य भूमिका निभाई जिसमें कई लोगों को दमन-जेल-मुकदमे भी झेलने पड़े। आज भाजपा सरकार जिस तरह से बिंदुखत्ता राजस्व गांव के मुद्दे पर लगातार छल कर रही तब आंदोलन और प्रतिरोध की बिंदुखत्ता की परम्परा को पुनर्स्थापित करने की जरूरत है. पहले भी बिंदुखत्ता जन प्रतिरोध के बल पर टिका रहा, जन संघर्ष के बूते ही बिंदुखत्ता राजस्व गांव भी बनेगा.



वरिष्ठ नेता बहादुर सिंह जंगी ने कहा कि, मान सिंह पाल में जनता और पार्टी के बीच बेहतर तालमेल रखते हुए आंदोलन और पार्टी को आगे बढ़ाने की क्षमता थी। वे बहुत विपरीत राजनीतिक परिस्थितियों में भी पार्टी के रास्ते पर चलते थे। आज जब मोदी सरकार ने अमेरिका के सामने देश की संप्रभुता को गिरवी रख दिया है और देश में अम्बानी-अडानी की कॉर्पोरेट नीतियों ने देश को बर्बादी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। ऐसे में इस सरकार के खिलाफ जनसंघर्ष ही एकमात्र विकल्प है। विमला रौथाण ने कहा कि, मान सिंह पाल अपने व्यक्तिगत जीवन से ज्यादा सामाजिक जीवन जीना पसंद करते थे। 19 वर्ष की उम्र में ही गरीबों को जमीन दिलाने और बसाने के लिए उन्होंने बिन्दुखत्ता में जमीन दखल आंदोलन में मुख्य भूमिका निभाई। अपनी बीमारी और जिंदगी में अंतिम अवस्था के बावजूद वे नगरपालिका के खिलाफ चल रहे आंदोलन में भी वे सक्रिय रहे. बिंदुखत्ता आंदोलन में सक्रिय योगदान देते हुए 9 मार्च 2015 में वे हमारे बीच नहीं रहे।कार्यक्रम में डॉ कैलाश पाण्डेय, बहादुर सिंह जंगी, विमला रौथाण, किशन बघरी, भुवन जोशी, पुष्कर दुबड़िया, चंदन राम, नैन सिंह कोरंगा, निर्मला शाही, धीरज कुमार, आकाश भारती, मदन धामी, प्रभात पाल, त्रिलोक राम, अंबा दत्त बसखेती, ललित जोशी, किशन सिंह जग्गी, आनंद दानू, दुर्गा, सुधा, कमल जोशी सहित कई लोगों ने अपने प्रिय कामरेड को श्रद्धांजलि देने में शामिल रहे.

# बस ओवरटेक करते समय वेगनआर और स्विफ्ट डिजायर की आमने-सामने भिड़ंत

रामनगर (संवाददाता)। रामनगर हल्द्वानी मार्ग पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया,बेलगढ़ के पास करीब सुबह 11 बजे दो कारों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें एक कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया,घायल को तुरंत एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया,जहां उसका उपचार गतिमान है,जानकारी के अनुसार वेगनआर कार संख्या यूके 04 एक्स 5944 और स्विफ्ट डिजायर कार संख्या युके 14टीए 8715 के बीच यह हादसा हुआ, बताया जा रहा है कि वेगनआर कार रामनगर की ओर से आ रही थी, जबकि टैक्सी परमिट वाली स्विफ्ट डिजायर हल्द्वानी से रामनगर की ओर जा रही थी,स्विफ्ट डिजायर के चालक विजय बिष्ट ने बताया कि वह हल्द्वानी से रामनगर की ओर अपने वाहन से आ रहा था,इसी दौरान रामनगर के बेलगढ़ के पास सामने से आ रही वेगनआर कार ने तेज रफ्तार में एक बस को ओवरटेक करने की कोशिश की,ओवरटेक करते समय वेगनआर अनियंत्रित हो गई और सीधे उनकी कार से टकरा गई,टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के आगे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए,विजय बिष्ट ने बताया कि टक्कर के दौरान उनकी कार के एयरबैग खुल गए, जिससे उन्हें गंभीर चोट लगने से बचाव हो गया,उन्होंने कहा कि अगर एयरबैग नहीं खुलते तो हादसा और भी गंभीर हो सकता था,हादसे में वेगनआर कार का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया,आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है,बताया जा रहा है कि स्विफ्ट डिजायर टैक्सी ऋषिकेश की है, जबकि वेगनआर कार रामनगर और आसपास के क्षेत्र की बताई जा रही है,हादसे के बाद रामनगरख्हल्द्वानी राजमार्ग पर कुछ समय के लिए लंबा जाम लग गया,स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और दोनों वाहनों को हटवाकर यातायात सामान्य कराया,फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



# महापौर जी को सौंपा तथा ज्ञापन में मांग की गई

हल्द्वानी (संवाददाता)। इंदिरा नगर पुनर्वास कल्याण समिति के तत्वाधान में एक शिष्टमंडल इंदिरा नगर हल्द्वानी के निवासियों के साथ नगर के महापौर गजराज सिंह बिष्ट जी एवं जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट से मिलने नगर निगम सभागार में एकत्रित हुए पुनर्वास कल्याण समिति के अध्यक्ष आनंद केसरवानी जीने एक ज्ञापन महापौर जी को सौंपा तथा ज्ञापन में मांग की गई की रेलवे द्वारा जो जमीन अतिक्रमण में आ रही है और उसे जमीन में करीब ढाई सौ हिंदू परिवार रहते हैं वह सभी बहुत गरीब तथा ओबीसी वर्ग के लोग रहते हैं उन्होंने ज्ञापन में कहा कि हम लोगों को एक ही जगह पर सबको बसाया जाए तथा हम लोगों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाए जिससे कि हम अपने परिवार का लालन-पालन कर सके तथा हमें उचित स्थान पर पुनर्वास किया जाए. इस अवसर पर महापौर जी द्वारा हर तरह की सहायता देने का आश्वासन दिया गया. इस अवसर पर राज्य मंत्री दिनेश आर्य, हरिमोहन अरोरा, जिलाध्यक्ष ओबीसी नन्हें कश्यप, एससी जिलाध्यक्ष रवीन्द्र बाली, विनोद जयसवाल, शक्ति केंद्र संयोजक अरविंद केसरवानी शक्ति केंद्र संयोजक प्रधान जी भूत अध्यक्ष सीमा राठौर विमला साहू तथा इंदिरा नगर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.



# ग्राफिक एरा ने इस सत्र में उत्तराखंड को एक नायाब तोहफा देगा

प्रोफेशनल एजुकेशन और प्लेसमेंट के क्षेत्र में कई कीर्तिमान स्थापित करने वाला ग्राफिक एरा ने इस सत्र में उत्तराखंड को एक नायाब तोहफा देगा। ग्राफिक एरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ कमल घनशाला ने आज यहां इसकी घोषणा की। इसी शैक्षणिक सत्र से ग्राफिक एरा राज्य के गरीब परिवारों के बच्चों बिना शुल्क इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कोर्स और होटल मैनेजमेंट की ट्रेनिंग कराएगा। इसके साथ ही उत्तराखंड की प्रतिभाओं को प्रशासनिक सेवाओं के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जायेगा।आज ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए चेयरमैन डॉ कमल घनशाला ने बताया कि इसी यूनिवर्सिटी की बीएससी (ऑनर्स) फिजिक्स की छात्रा रही मिनल नेगी का भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन होना उत्तराखंड में प्रतिभाओं की कमी न होने का प्रमाण है। हमारी होनहार छात्रा रही मिनल नेगी ने लोक सेवा आयोग की सिविल सर्विसेज परीक्षा में केवल कामयाबी ही हासिल नहीं की, बल्कि देश भर में 66वीं रैंक पाकर अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ी है। डॉ घनशाला ने बताया कि टिहरी के एक गांव डोबरा महड़ के अपर प्राइमरी स्कूल के शिक्षक की बेटी मिनल की राह बहुत कठिन थी, उन्हें सिविल सेवा की प्रतियोगी परीक्षा के लिए ऑनलाइन ट्रेनिंग पर निर्भर रहना पड़ा। मध्यम वर्गीय परिवार की बेटी मिनल नेगी ने सिविल सेवा में बेहतरीन रैंक पाकर उत्तराखंड के युवाओं को प्रेरणा दी है कि सच्ची लगन और जुनून हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं है।



# रामनगर में आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष लेखराज गौतम का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

रामनगर (संवाददाता)। आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष लेखराज गौतम के रामनगर आगमन पर आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान रामनगर विधानसभा अध्यक्ष शाहरुख शेरिया ने अपनी टीम के साथ प्रदेश अध्यक्ष का फूल-मालाएं पहनाकर अभिनंदन किया।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष लेखराज गौतम ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन को मजबूत बनाने और आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए, सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर काम करना होगा और जनता के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाना होगा।उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी लगातार प्रदेश में अपने संगठन का विस्तार कर रही है और युवाओं तथा आम जनता का समर्थन भी पार्टी को मिल रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव और बूथ स्तर तक पार्टी की नीतियों और विचारधारा को पहुंचाने का काम करें, ताकि अधिक से अधिक लोग पार्टी से जुड़ सकें।कहा कि वर्ष 2027 में होने वाले उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी प्रदेश की राजनीति में अहम भूमिका निभाएगी। पार्टी जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती के साथ उठाएगी और प्रदेश की जनता को एक मजबूत राजनीतिक विकल्प देने का काम करेगी।उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि रामनगर क्षेत्र में संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा।



# गोष्ठी और साँस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया

रामनगर (संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चित्रकूट चोरपानी, मॉडर्न पब्लिक स्कूल में प्रगतिशील जन एकता मंच और युवा साँस्कृतिक कला मंच के बैनर तले एक विचार गोष्ठी और साँस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास,संघर्ष, महिलाओं के सशक्तिकरण, कानूनी आधिकारों के बारे में जानकारी दी गईसांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। प्रगतिशील जन एकता मंच की महिला संयोजिका किरन आर्या के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की शीला शर्मा ने महिला दिवस के इतिहास पर विस्तार से बात रखी। रामनगर ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी और ग्रोइंग बड्स स्कूल की प्रधानाचार्या अनीता रावत ने महिलाओं को जागरूक करते हुए,शिक्षा, अनुभव और विवेक को अपना हथियार बनाकर महिलाओं को अपनी लड़ाइयाँ खुद लड़ने की प्रेरणा दी।



## मधुरिमा तुली ने खास अंदाज में किया फैंस को न्यू ईयर विश, दुनिया के सामने कह दी ये बात

दुनियाभर में लोग नए साल का जश्न मना रहे हैं और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए नजर आ रहे हैं. वहीं, बॉलीवुड से लेकर टीवी सेलेब्स तक फैंस को बधाई देने में लगे हुए हैं. अब टीवी एक्ट्रेस मधुरिमा तुली एक बार फिर से सुर्खियों में छाई हुई हैं. मधुरिमा ने अपने खास अंदाज में फैंस को नए साल की शुभकामनाएं दी हैं.उन्होंने लेटेस्ट इंटरव्यू में जमानेके नाम एक बेहद प्यारा पैगाम दिया. बॉलीवुड लाइफ से बात करते हुए एक्ट्रेस ने फैंस को शुभकामनाएं दीं. एक्ट्रेस के पोस्ट पर फैंस खूब प्यार बरसा रहे हैं. मधुरिमा तुली अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं.नए साल के इस मैसेज में उन्होंने दुनिया को एक बड़ी सीख भी दी उन्होंने अपने इंटरव्यू में कहा,आप सभी को नए साल की बहुत बहुत शुभकामनाएं, ये साल आपके लिए बहुत सारा प्यार, खुशी और सफलता ले कर आए. आप सभी को बहुत प्यार और हैप्पी न्यू ईयर. मधुरिया का ये बयान काफी चर्चा में बना हुआ है.उन्होंने हमेशा अपनी निजी और प्रोफेशनल जिंदगी में आने वाले उतार-चढ़ाव का सामना मजबूती से किया है.एक्ट्रेस ने चंद्रकांता सीरियल से घर-घर में अपनी अलग पहचान बनाई. फैंस उनके राजसी लुक और दमदार एक्टिंग ने दर्शकों को दीवाना बना दिया था.इसके अलावा उन्हें बिग बॉस और नच बलिए जैसे रिएलिटी शोज में देखा गया. मधुरिमा पिछले कुछ वक्त से ओटीटी प्रोजेक्ट्स में भी एक्टिव हैं और अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीत रही हैं. एक्ट्रेस को लोग बेहद पसंद करते हैं. वहीं, चंद्रकांता में उनकी एक्टिंग आज भी लोग याद करते हैं.मधुरिमा बेशक किसी टीवी शो में नजर नहीं आ रही हैं. लेकिन, सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव रहती हैं. इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस के 1 मिलियन फॉलोवर्स हैं, जो उन्हें बेहद पसंद करते हैं. एक्ट्रेस अपनी एक्टिंग के साथ-साथ ग्लैमरस अंदाज के लिए जानी जाती हैं.



## बॉलीवुड में मौके खोने का था डर, इसलिए त्रिधा चौधरी ने हॉलीवुड प्रोजेक्ट से बनाई दूरी

अभिनेत्री त्रिधा चौधरी हाल ही में फिल्म किस किस को प्यार करूं-2 में नजर आई थीं। उन्होंने अपनी जिंदगी और करियर के बारे में खुलकर बात की। अभिनेत्री ने बताया कि वह अलग-अलग फिल्म को बहुत सोच समझकर चुनती हैं। उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा कि हॉलीवुड से एक अच्छा ऑफर मिला था, लेकिन बोल्ड सीन्स करने से उन्हें बाकी जगह से ऑफर ठुकरा दिए जाते। अभिनेत्री ने कहा, मुझे अच्छी तरह से पता था कि ऐसे सीन करने से मेरा भविष्य प्रभावित हो सकता है। खासकर बॉलीवुड और अन्य भारतीय इंडस्ट्री में मौके कम हो जाते हैं।

अभिनेत्री ने समझाया कि बोल्ड सीन करने से उन्हें एक खास तरह की इमेज मिल जाती है। इससे कई अच्छे प्रोजेक्ट्स हाथ से निकल सकते थे। वे नहीं चाहती थीं कि एक प्रोजेक्ट की वजह से उनका लंबे समय का करियर खतरे में पड़ जाए। उन्होंने कहा, अगर मैं हॉलीवुड में एक ऐसा प्रोजेक्ट करती, जिसमें बोल्ड सीन्स होते, तो इससे मेरे कई अन्य प्रोजेक्ट्स रुक जाते हैं। मुझे यह पहले से पता था। यही वजह थी कि मैंने पहले से हॉलीवुड में कदम रख लिया है, तो अलग तरीके से आगे बढ़ सकती हूं, लेकिन सिर्फ एक प्रोजेक्ट के लिए बॉलीवुड या कहीं और का अपना लंबा सफर जोखिम में नहीं डालूंगी।

त्रिधा हाल ही में कपिल शर्मा की फिल्म किस किस को प्यार करूं-2 में नजर आई थी। फिल्म में कपिल और त्रिधा के अलावा, आयशा खान, पारुल गुलाटी और हीरा वरीना मुख्य भूमिका में नजर आए थे। अखिलेंद्र मिश्रा कपिल शर्मा के पिता के रोल में हैं। उन्होंने फिल्म के सबसे मजेदार पल दिए हैं। वहीं, फिल्म को वीनस वर्ल्डवाइड एंटरटेनमेंट और अब्बास-मस्तान ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। यह एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसमें हंसी, मस्ती, दोस्ती और खुशियों से भरे पल शामिल हैं। हालांकि, फिल्म को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्म धुरंधर के आगे कपिल शर्मा की ये फिल्म ज्यादा कमाल नहीं दिखा सकी थी।



# बदन पर पट्टियां, हाथ में शराब, स्पिरिट से प्रभास और तृप्ति के इंटेंस फर्स्ट लुक ने मचा दिया बवाल

नए साल पर फिल्मों के साथ सरप्राइज देने की अपनी परंपरा को निभाते हुए, फिल्ममेकर संदीप रेड्डी वांगा ने अपनी बहुत इंतजार वाली फिल्म स्पिरिट का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया. इसमें प्रभास और त्रिप्ति डिमरी लीड रोल में हैं. प्रभास के फर्स्ट लुक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया और नेटिजन्स इसकी बहुत तारीफ कर रहे हैं.वांगा ने एक्स पर पोस्टर शेयर किया और लिखा, इंडियन सिनेमाः अपने अजानुबाहुडू / अजानुबाहु को देखें. हैप्पी न्यू ईयर 2026. मेकर्स ने अपने कैप्शन से एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया: आपको वह पसंद था, जो पहले था. अब उससे प्यार करें जिसके बारे में आपको कभी पता नहीं थापोस्टर अपने आप में बहुत शानदार और इंटेंस है. इसमें घायल प्रभास खिड़की के पास खड़े हैं, जबकि त्रिप्ति को सिगरेट जलाते हुए देखा जा सकता है. बिना कपड़ों के प्रभास ने ऑफ-व्हाइट पैंट और काले चश्मे में हाथ में शराब की बोतल लिए पोज दिया है. दूसरी ओर, बेज रंग के आउटफिट और सिंपल सोने की चूड़ी पहने त्रिप्ति ने इस कच्चे फ्रेम में एक अजीब सी शांति जोड़ दी है. यह तस्वीर एक साथ दर्द, ताकत और खतरे का एहसास कराती है. फैंस ने तुरंत अपने रिएक्शन दिए। एक यूजर ने लिखा, 2026 विश से शुरू नहीं होता, यह एक वॉर्निंग से शुरू होता है. एक और कमेंट में लिखा था, किंग खून बह रहा है, लेकिन स्वैगर में कोई बदलाव नहीं है. कई लोगों को लगा कि अकेले पोस्टर में ही बॉक्स ऑफिस को हिला देने के लिए काफी इंटेंसिटी थी, एक फैन ने दावा किया कि टीजर सर्वर पिघला देगा. एक और फैन ने लुक की तुलना वांगा के पिछले काम से की और कहा, रणविजय सिंह वार्म-अप थे. यह आदमी ऐसा दिखता है, जैसे वह नाश्ते में 500 किलो की मशीन गन खा जाएगा. एक और ने इसे अर्जुन रेड्डी का और भी बड़ा वर्शन कहा. कई फैंस ने बड़ी संख्या की भविष्यवाणी की, और पूरे भरोसे के साथ कहा कि स्पिरिट अकेले हिंदी मार्केट में 1,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर जाएगी.वंगा और प्रभास की पहली कोलेबोरेशन स्पिरिट को भूषण कुमार की टी-सीरीज और भद्रकाली पिक्चर्स ने सपोर्ट किया है. प्रभास और त्रिप्ति के अलावा, फिल्म में प्रकाश राज और विवेक ओबेरॉय भी अहम रोल में हैं, और खबर है कि विवेक विलेन का रोल कर रहे हैं.इससे पहले, अक्टूबर में प्रभास के जन्मदिन पर, मेकर्स ने पांच भाषाओं में एक ऑडियो टीजर रिलीज किया था. टीजर से पता चला कि प्रभास एक आईपीएस ऑफिसर का रोल कर रहे हैं, जो अभी जेल में है. फिल्म 2026 में रिलीज होने वाली है, और अगर फर्स्ट लुक को देखें, तो फैंस को वंगा की एक और बोल्ड पेशकश के लिए तैयार हो जाना चाहिए.

## साल 2026 में ग्रहों की चाल से इन जातकों का बदलेगा भाग्य, 12 राशियों का वार्षिक राशिफल

नए साल में क्या होगा और क्या नहीं यह हर कोई पहले सा जानना चाहता है। भविष्य में क्या होगा इसे जानने के लिए हर कोई बहुत ही उत्सुक रहता है। तो आपको बता दें कि ज्योतिषीय दृष्टि से साल 2026 बेहद खास माना जा रहा है। इस वर्ष गुरु, शनि, राहु और केतु जैसे बड़े ग्रह अपनी-अपनी चाल बदलेंगे, जिसका असर सभी 12 राशियों के जीवन, करियर, शिक्षा, धन और पारिवारिक मामलों पर देखने को मिलेगा। वार्षिक राशिफल 2026 के अनुसार यह साल कई राशियों के लिए तरक्की और नई शुरुआत का संकेत देगा, जबकि कुछ को सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। तो आइए जानते हैं साल 2026 का वार्षिक राशिफल।मेष राशि :आने वाले साल आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। भाग्योदय के लिए श्री विष्णु जी की उपासना करें। अगर आप सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं तो उसमें सफलता मिलने के बहुत ही ज्यादा चांस है। आर्थिक स्थिति के लिहाजा से साल 2026 आपके लिए अच्छा रहेगा। यदि खुद का कुछ बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो यह वर्ष बहुत ही अच्छा रहेगा। आने वाले साल में आपका दांपत्य जीवन बेहतरीन रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में नजदीकियां व प्यार बढ़ेगा। आपको अपने हर निर्णय में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। वर्ष 2026 हेल्थ के लिए मिला-जुला रहेगा।वृष राशि :साल 2026 आपके लिए शानदार रहने वाला है। लोहे के बर्तनों का नियमित प्रयोग आपकी आमदनी को बढ़ाएगा। रसोई को पवित्र बनाये रखने व चने की दाल धर्म स्थल पर देने से आपका मकान बनेगा। इस साल चांदी के गिलास में दूध पीने से अनेक लाभ होंगे। 2026 की शुरुआत आर्थिक दृष्टि से मिली-जुली रहने वाली है। आपको अपने प्रयासों का परिणाम मिलेगा। खर्चों में अचानक वृद्धि के आसार बन रहे हैं। इस वर्ष आपको अपने खर्चों का बजट बनाना होगा। छात्रों के लिए वर्ष 2026 किसी वरदान से कम नहीं है, मनचाही सफलता मिलने की संभावना है।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# जनसुनवाई में 61 शिकायतें दर्ज, 35 का मौके पर निस्तारण

हरिद्वार(संवाददाता)। सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न विभागों से जुड़ी 61 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 35 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए भेजा गया। जनसुनवाई में राजस्व, भूमि विवाद, बिजली, राशन, अतिक्रमण और पेयजल से संबंधित समस्याएं सामने आईं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में दर्ज शिकायतों का समयबद्ध और प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसा पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जनसुनवाई में जगदीश नगर ज्वालापुर निवासी सतीश कुमार अरोड़ा ने बताया कि उन्होंने हरिलोक आवासीय योजना के तहत एचआरडीए से 742.65 वर्गमीटर का भूखंड खरीदा था। इसमें से 78.46 वर्गमीटर भूमि 2014 में एनएच-58 के लिए अधिग्रहित कर ली गई थी। अब तक मुआवजा नहीं मिला है। उन्होंने मुआवजा दिलाने की मांग की। औरंगाबाद निवासी बलवंत सिंह ने हेतमपुर परगना रुड़की में स्थित अपनी भूमि पर पड़ोसी द्वारा जबरन मेढ़ बांधकर पॉपुलर के पेड़ लगाने का आरोप लगाते हुए भूमि की पैमाइश और सीमांकन कराने की मांग की। ग्राम ऐथल बुजुर्ग निवासी सोराब अली ने विधायक निधि से बन रही सड़क में घटिया निर्माण सामग्री लगाए जाने की शिकायत की। ग्राम पंचायत हजारा ग्रांट की प्रधान ममतेश ने वाल्मीकि बस्ती से नदी की ओर जाने वाली बंद पड़ी चकरोड को अवैध कब्जे से मुक्त कराने कीत मांग रखी। डॉ. हिमांशु त्रिवेदी ने चंद्राचार्य चौक, आर्यनगर और ज्वालापुर रेलवे फाटक क्षेत्र में फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने की मांग की। शिवगंगा विहार कॉलोनी के निवासियों ने दादूपुर-गोविंदपुर क्षेत्र में प्लास्टिक कबाड़ जलाने से फैल रहे प्रदूषण की शिकायत करते हुए कबाड़खानों को हटाने की मांग की। फेरूपुर निवासी राजबीर ने अपने खसरा नंबरों की भूमि की पैमाइश कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन मामलों में निरीक्षण की आवश्यकता है, वहां मौके पर जाकर समस्या का समाधान किया जाए।सीएम हेल्पलाइन की समीक्षाबैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में एल-1 स्तर पर 588 और एल-2 स्तर पर 118 शिकायतें लंबित हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि 36 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जाए और शिकायतकर्ताओं से सिस्टम के माध्यम से फोन पर वार्ता भी की जाए।ये रहे बैठक में मौजूदबैठक में मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरके सिंह, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नलिनी ध्यानी, लोनिवि के अधिशासी अभियंता दीपक कुमार, उरेडा के परियोजना निदेशक वाईएस बिष्ट सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी और फरियादी मौजूद रहे।



## संक्षिप्त समाचार...

### भाजपा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए तैयार किया जाएगा

विकासनगर(संवाददाता)। भाजपा की सोमवार को ब्लॉक सभागार में हुई बैठक में पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को सफल बनाने पर चर्चा की गई। इस दौरान पार्टी संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख नारायण ठाकुर, अनुज गुलेरिया, राहुल शर्मा, नवीन रावत, प्रमोद कुमार, दर्शन रावत, प्रशांत नेगी आदि मौजूद रहे।

### गोल्डन कार्ड की सुविधा नहीं मिलने से शिक्षक नाराज

विकासनगर(संवाददाता)। प्राथमिक शिक्षक संघ की विकासनगर शाखा ने अस्पतालों में गोल्डन कार्ड की सुविधा नहीं मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए पछुवादून के विधायकों से इस मसले को विधान सभा के बजट सत्र में उठाने की मांग की है। सोमवार को इस आशय का ज्ञापन नगर पालिका अध्यक्ष को सौंपते हुए शिक्षकों ने उनकी समस्या को पछुवादून के तीनों विधायकों तक पहुंचाने की मांग की है।

### किसानों को वितरित की गई फसल बीमा पॉलिसी

विकासनगर(संवाददाता)। एआईसी ऑफ इंडिया द्वारा ब्लॉक कालसी एवं विकासनगर क्षेत्र में सोमवार को मेरी पॉलिसी मेरा हाथ कार्यक्रम में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न गांवों से पहुंचे काश्तकारों को उनकी फसल बीमा पॉलिसी वितरित की गई।

### धूलकोट में टूटी सड़क पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

विकासनगर(संवाददाता)। ग्राम पंचायत धूलकोट माफी के मेहरा गांव में पाइप लाइन बिछाने के माह भर बाद भी सड़क की मरम्मत न करने पर ग्रामीण भड़के हुए है। सोमवार को प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि कई बार शिकायत करने के बाद भी विभाग कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। नाराज ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो कार्यालय में जाकर प्रदर्शन किया जाएगा।

### भाजपा ने ममता बनर्जी के खिलाफ प्रदर्शन किया

विकासनगर(संवाददाता)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर राष्ट्रपति के अपमान का आरोप लगाते हुए भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कालसी में प्रदर्शन कर उनका पुतला दहन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री देश के राष्ट्रपति का सम्मान नहीं कर सकतीं तो संविधान बचाने की बात करना बंद कर दें। कहा कि ममता बनर्जी के राज में सिर्फ घुसपैठियों का स्वागत है और उनके लिए दरवाजे खुले हैं।

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार, सिडकुल में करता था काम

हरिद्वार(संवाददाता)। सिडकुल थाना पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।




पुलिस के अनुसार नाबालिग के मेडिकल परीक्षण में दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। आरोपी सिडकुल क्षेत्र की फैक्ट्री में काम करता था। पुलिस के मुताबिक 20 फरवरी 2026 को पांडुवा बसंत खेड़ा यूपी उत्तर प्रदेश निवासी एक व्यक्ति ने सिडकुल में तहरीर देकर बताया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को एक अज्ञात युवक बहला-फुसलाकर ले गया है। थाना सिडकुल पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने 27 फरवरी को अपहृत नाबालिग को बरामद कर लिया था। मामले की जांच के दौरान आरोपी रोहित पुत्र वेद प्रकाश निवासी ग्राम नकटी नारायणपुर गुराडिया जिला बरेली उत्तर प्रदेश, हाल निवासी रोशनाबाद थाना सिडकुल का नाम प्रकाश में आया। वह घटना के बाद फरार था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस उसके ठिकानों पर दबिश दे रही थी। सोमवार को पुलिस ने उसे रावली महदूद स्थित पाल मार्केट के पास खाली मैदान से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष सिडकुल नितेश शर्मा ने बताया कि नाबालिग के मेडिकल परीक्षण में दुष्कर्म की पुष्टि होने के बाद मुकदमे में संबंधित धाराएं बढ़ाई गई हैं।

## पथरी क्षेत्र से नाबालिग लड़की को भगा ले गए युवक को पुलिस ने पकड़ा

हरिद्वार(संवाददाता)। पथरी थाना क्षेत्र के एक गांव से किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। किशोरी के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी युवक को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पथरी थाना क्षेत्र के एक गांव से एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि पांच मार्च दोपहर को गांव का ही रहने वाला युवक उनकी लगभग 15 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर कर अपने साथ ले गया है। किशोरी के पिता ने पुलिस को नामजद तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी और किशोरी की तलाश शुरू की। इसके बाद पुलिस ने आरोपी और किशोरी को ऐथल रेलवे स्टेशन से पकड़ा। पुलिस पूछताछ में आरोपी युवक ने अपना नाम विशाल (22 वर्ष) पुत्र धूम सिंह बताया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। वहीं, किशोरी को परिजनों के सपुर्द कर दिया है। पथरी थाना प्रभारी मनोज नौटियाल ने बताया कि आरोपी को दबिश देकर ऐथल रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया।

## गुरुकुल कांगड़ी विवि में प्रधानमंत्री के संबोधन को शिक्षकों व विद्यार्थियों ने ऑनलाइन सुना

हरिद्वार(संवाददाता)। गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के सभागार में सोमवार को शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने पोस्ट बजट वेबिनार के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन ऑनलाइन सुना। कार्यक्रम में विद्यार्थी और विश्वविद्यालय के अधिकारी मौजूद रहे। विश्वविद्यालय के वित्ताधिकारी एवं प्रबंध शिक्षाविद प्रो. वीके सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आम जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना इस बजट का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल और संस्कृति जैसे क्षेत्र देश के समग्र विकास और युवाओं के सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने शिक्षा को रोजगार और उद्यमिता से जोड़ने, नई तकनीकों के अनुरूप पाठ्यक्रम विकसित करने तथा युवाओं के लिए मजबूत शोध और प्रशिक्षण व्यवस्था तैयार करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वस्थ, कुशल और नवाचार से जुड़े युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव बनेंगे।

स्वामी, प्रकाशक एवम मुद्रक संजीव पंत द्वारा 19.सी, सुभाष रोड, पैसेफिक होटल के पीछे डूंगा हाउस देहरादून से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशन्स डी-2, शिवलोक कालोनी लाडपुर, ब्लॉक रायपुर काली मन्दिर के पास, देहरादून से मुद्रित। सम्पादक - संजीव पंत , फोन नं0- 0135-2712118 , प्रसार प्रबंधकः वसीम अहमद , आर एन आई नं.: UTTHIN/2010/33537 email: jokhimdehradun2006@gmail.com

ताज़ातरीन खबरों व सही जानकारी के साथ समाचार को विस्तार से पढ़नें के लिए लागआन करें हमारा newsportal:. jokhimnews.com